झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 08 / 26 – 121 ,राँची / दिनांक: 03 / 11 / 2026

जी0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026 के अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार से संबंधित आवश्यक सूचना

शैक्षणिक वर्ष– 2026–27 में राज्य के नर्सिंग संस्थानों (सरकारी नर्सिंग संस्थानों के सभी सीटों एवं गैर–सरकारी संस्थानों के 50% मुक्त सीटों) के GNM पाठ्यक्रम के नामांकन हेतु प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं विशेष चक्र ऑनलाईन साक्षात्कारों से अनुशंसित अभ्यर्थियों के नामांकन के उपरान्त रिक्त बचे सीटों पर नामांकन कि अनुशंसा हेतु अंतिम चक्र साक्षात्कार दिनांक–05.11.2026 से आयोजित की जा रही है।

2. स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के झारखण्ड राज्यांतर्गत नर्सिंग संस्थानों के प्रबंधन, नामांकन एवं परीक्षा संचालन (संशोधन) नियमावली, 2024 के आलोक में नर्सिंग पाठ्यक्रमों के प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षाओं के परीक्षाफल में उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। जी0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026 प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची पर्षद के **http://jceceb.jharkhand.gov.in** के डाउनलोड कॉलम में देखी जा सकती है।

3. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं विशेष चक्र साक्षात्कारों से नामांकित होंगे तथा रिक्त बचे सीटों पर संस्थान परिवर्त्तन चाहेंगे, तो वे भी अंतिम चक्र साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यदि अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार में उन्हें सीट पुनर्आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित संस्थान में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।

4. नर्सिंग पाठ्यक्रम GNM की सीटों के आवंटन हेतु आयोजित अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कारा का कार्यक्रम निम्न प्रकार है :–

Time Schedule for Last Round of Online Counselling for GNM Course

Sl. No.	Activity	Date
1.	Display of Vacant seat Matrix	05.11.2026
2.	Online Registration and Choice Filling for seat Allotment	06.11.2026 to 08.11.2026
3.	Issue of Provisional seat Allotment Letter	10.11.2026
4.	Documents Verification and Admission in the concerned nursing Institute	11.11.2026 to 14.11.2026

5. जी0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची में शामिल सभी अभ्यर्थी उपलब्ध संस्थानों में से अपने लिये संस्थान का चयन प्राथमिकता (Priority) के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध Click here for All Online Counselling JCECEB-2026 Link पर Click कर दिये गये दिशा निर्देशों का अनुसरण करते हुए निबंधन (Registration) कर विकल्पों का चयन कर लें। **विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों को भरें।**

6. वांछित प्रमाण पत्रों यथा स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय एवं सम्पति प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र का प्रारूप पर्षद के वेबसाईट के डाउनलोड कॉलम में उपलब्ध है।

7. अंतिम चक्र साक्षात्कार में आरक्षित सीटों के विरूद्ध अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में आरक्षित सीटों का विनियमन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक–14 / आ0नी0–04–02 / 2019का0–1434 / राँची दिनांक–15.02.2019 द्वारा निर्गत संकल्प के अनुसार किया जायेगा।

8. **साक्षात्कार शुल्क**:– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card Debit Card Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

Sl. No.	Category	Counselling Fee
1.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
2.	Female Candidate of all categories	Rs. 250.00

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

03/11/26

(विशेष कार्य पदाधिकारी)